उजागर | सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा में अवैध शिविर का भंडाफोड़

आयुष्मान योजना के नाम पर फर्जीवाड़ा

शहपुरा नवभारत 13 जनवरी। आयुष्मान भारत योजना के नाम पर शहपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। मोतियाबिंद के मुफ्त इलाज का लालच देकर लोगों से आधार कार्ड और आयुष्मान कार्ड का डाटा एकत्र करने वाला अवैध शिविर प्रशासन ने पकड़ लिया।

जानकारी के अनुसार सोमवार को नगर में बैनर-पोस्टर लगाकर और अनाउंसमेंट कर मुफ्त इलाज का प्रचार किया गया, जिसके बाद मंगलवार को सीएचसी परिसर में कथित शिविर लगाया गया। हैरानी की बात यह रही कि इस शिविर की न तो स्वास्थ्य विभाग को कोई पूर्व सूचना थी और न ही अस्पताल प्रबंधन से अनुमति ली गई थी।

नागरिकों का निजी डाटा एकत्रित कर रहे थे

बताया जाता है कि बाहर से आए कुछ लोग जांच के नाम पर भोले-भाले नागरिकों से आधार व आयुष्मान कार्ड लेकर उनका निजी डाटा संग्रह कर रहे थे। मामले की सूचना मिलते ही शहपुरा राजस्व टीम के ऐश्वर्य वर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंचे। जांच के बाद शिविर को तत्काल बंद कराया गया। मौके से दो संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पुलिस थाना शहपुरा भेजा गया, जहां उनसे पूछताछ जारी है।

आयुष्मान योजना की सुरक्षा पर सवाल

प्रशासन अब यह जांच कर रहा है कि इस फर्जीवाड़े के पीछे कौन लोग शामिल हैं, प्रचार के लिए लगाए गए बैनर-पोस्टर किसके निर्देश पर लगे और एकत्र किए गए डाटा का उपयोग किस उद्देश्य से किया जाना था। इस घटना ने आयुष्मान योजना की सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।



जलापूर्ति की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं

शारदा टेकरी वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का उपयंत्री ने किया निरीक्षण, जल गुणवत्ता परखी

शहपुरा नवभारत 13 जनवरी। नगर परिषद शहपुरा द्वारा नगरवासियों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगातार निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में नगर परिषद के उपयंत्री द्वारा शारदा टेकरी स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान प्लांट की कार्यप्रणाली, मशीनों की स्थिति तथा जल शोधन प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन किया गया। निरीक्षण के समय वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट की प्रयोगशाला में जल गुणवत्ता से संबंधित विभिन्न आवश्यक परीक्षण किए गए। इनमें पानी की शुद्धता, क्लोरीन की मात्रा, पीएच स्तर एवं अन्य मानकों की जांच शामिल रही, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि नगर में सप्लाई किया जा रहा पानी स्वास्थ्य मानकों के अनुरूप है।

कर्मचारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश-उपयंत्री ने परीक्षण रिपोर्ट का अवलोकन कर कर्मचारियों को आवश्यक सुधारात्मक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जल आपूर्ति की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए तथा नियमित अंतराल पर सभी जरूरी परीक्षण अनिवार्य रूप से किए जाएं। इसके साथ ही प्लांट परिसर की साफ-सफाई, उपकरणों के रखरखाव और समय पर मरम्मत पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर की संवेदनशीलता ने जीता दिल

साप्ताहिक जनसुनवाई में 72 आवेदनों पर सुनवाई

डिंडौरी ,नवभारत 13 जनवरी। कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया और कई आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया।

जनसुनवाई में जिले के विभिन्न विकासखंडों से पहुंचे नागरिकों द्वारा समस्याओं से संबंधित कुल 72 आवेदन प्रस्तुत किए गए। जनसुनवाई के दौरान विकासखंड करंजिया अंतर्गत ग्राम पंचायत झनकी वनग्राम पांडपुर के निवासी मोहन सिंह बैगा ने किसान सम्मान निधि की राशि एवं प्रधानमंत्री आवास योजना की

चौथी किस्त दिलाए जाने की मांग रखी। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने उनसे पारिवारिक व आवासीय स्थिति पर विस्तार से चर्चा की और संबंधित अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए।

मोहन सिंह बैगा ने बजाई बांसुरी-जनसुनवाई के दौरान एक मानवीय और संवेदनशील क्षण तब देखने को मिला, जब मोहन सिंह बैगा मोबाइल रिचार्ज नहीं होने के कारण संपर्क नंबर नहीं बता सके। इस पर कलेक्टर ने तुरंत उनका मोबाइल रिचार्ज करवाया, ठंड को देखते हुए कंबल और स्वेटर प्रदान किए और भरोसा दिलाया कि किसी भी समस्या पर वे सीधे संपर्क कर सकते हैं। इस दौरान मोहन सिंह बैगा ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए बांसुरी बजाई, जिसे सुनकर जनसुनवाई में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारी मंत्रमुग्ध हो गए।

हिंदी विषय का पेपर अब 6 मार्च को होगा

डिंडौरी, नवभारत 13 जनवरी। माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश द्वारा वर्ष 2026 में आयोजित होने वाली हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी मुख्य परीक्षा के परीक्षा कार्यक्रम में आंशिक संशोधन किया गया है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार हाईस्कूल परीक्षा में हिन्दी (उर्दू/मराठी हिन्दी सहित) विषय, जो पूर्व में 11 फरवरी को प्रस्तावित था, अब 6 मार्च शुक्रवार को आयोजित किया जाएगा। वहीं हायर सेकेंडरी परीक्षा की तिथियों में भी आंशिक संशोधन करते हुए परीक्षाएं 6 मार्च शुक्रवार एवं 7 मार्च शनिवार को आयोजित की जाएंगी। परीक्षा कार्यक्रम को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने के निर्देश मण्डल ने विद्यालयों को निर्देशित किया है कि संशोधित परीक्षा कार्यक्रम को शाला के बाहर नोटिस बोर्ड चस्पा किया जाए।

मुख्य मार्ग पर निर्माण कार्य के चलते उड़ रहे धूल के गुबार

राहगीर, स्थानीय निवासी व व्यापारी हो रहे परेशान

डिंडोरी,नवभारत 13 जनवरी। नगर के मुख्य मार्ग पर चल रहे निर्माण कार्य ने आमजन की परेशानी बढ़ा दी है। पक्की सड़क पर मिट्टी फैलाए जाने के कारण वाहनों के गुजरते ही धूल के घने गुबार उड़ रहे हैं, जिससे राहगीरों, दोपहिया वाहन चालकों और स्थानीय दुकानदारों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

धूल के कारण लोगों को सांस लेने में परेशानी, आंखों में जलन और खांसी जैसी समस्याएं हो रही हैं। वहीं दुकानदारों का कहना है कि उड़ती धूल से दुकान में रखा सामान खराब हो रहा है और

ग्राहक भी आने से बच रहे हैं, जिससे उनका व्यापार प्रभावित हो रहा है।

ठेकेदार पर लगाया लापरवाही का आरोप

स्थानीय नागरिकों ने निर्माण एजेंसी और ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि न तो सड़क पर नियमित पानी का छिड़काव किया जा रहा है और न ही निर्माण स्थल की उचित घेराबंदी की गई है।

जानकारी बताया गया कि इससे दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। नागरिकों और व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य के दौरान धूल नियंत्रण के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाए जाएं, ठेकेदार को आवश्यक निर्देश दिए जाएं और सड़क को जल्द व्यवस्थित कराया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

तोक सिंह मरावी समस्या निवारण प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त

अमरपुर नवभारत 13 जनवरी। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार एवं डॉ. महेंद्र सिंह चौहान प्रभारी प्रकोष्ठ के सहमति से मध्य प्रदेश के अध्यक्ष विवेक सिंह तोमर की स्वीकृति पर डिंडौरी जिलाध्यक्ष अजय चंदेल द्वारा अमरपुर ब्लॉक अध्यक्ष पद पर ग्राम जलेगांव विकासखंड अमरपुर निवासी तोक सिंह मरावी को नियुक्त किया गया हैं। इनकी नियुक्ति पर कांग्रेस कमेटी डिंडौरी जिलाध्यक्ष, पूर्व मंत्री व विधायक ओमकार सिंह मरकाम एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर अध्यक्ष महेंद्र ठाकुर सहित ब्लॉक कांग्रेस एवं जिला कांग्रेस के समस्त प्रकोष्ठों के पदाधिकारी व कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई हैं। श्री मरावी द्वारा प्रदेश कांग्रेस, जिला कांग्रेस एवं ब्लॉक कांग्रेस के सभी वरिष्ठों का आभार व्यक्त करते हुए कांग्रेस पार्टी की रीति नीति को और सशक्त व मजबूत बनाने के साथ सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही गई हैं।

शहपुरा में योग नृत्य ने दर्शकों किया मंत्रमुग्ध

शहपुरा नवभारत 13 जनवरी। नर्मदांचल विद्यापीठ, बरगांव में स्वामी विवेकानंद जयंती एवं योग दिवस पर एक अनुशासित एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक योगाभ्यास से हुई, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न योगासन किए। योग सत्र के पश्चात विद्यार्थियों द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन, उनके विचारों तथा राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर आधारित प्रेरक नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने सराहा। बच्चों द्वारा प्रस्तुत योग नृत्य कार्यक्रम कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों, आत्मविश्वास, अनुशासन तथा युवाओं के प्रति उनके संदेशों से अवगत कराया। साथ ही अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के महत्व और योग से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

मकर संक्रांति पर शांति व सुरक्षा हेतु मजिस्ट्रियल ड्यूटी लगाई

डिंडौरी, नवभारत 13 जनवरी। डिंडौरी नगर सहित नर्मदा तट पर बसे नगरों, कस्बों एवं ग्रामों में 14 एवं 15 जनवरी को मकर संक्रांति का पर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर नर्मदा नदी के समस्त घाटों में स्नान, पूजा-अर्चना हेतु श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति संभावित है। पर्व के दौरान शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के सुचारु संधारण हेतु जिला प्रशासन द्वारा मजिस्ट्रियल ड्यूटी आदेशित की गई है। इसके अंतर्गत एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, एसडीएम डिंडौरी भारती मेरावी एवं एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन को अपने-अपने अनुभाग अंतर्गत महत्वपूर्ण घाटों पर शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

जांच के बाद ही करें पेयजल की आपूर्ति : कलेक्टर

धरणेन्द्र कुमार जैन ने जल शोधन यंत्र एवं इंटेकवेल का किया निरीक्षण

नवभारत उमरिया 13 जनवरी। प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वच्छ जल अभियान का शुभारंभ करते हुए फिल्टर प्लांट का निरीक्षण करने के निर्देश दिए थे। निर्देश के परिपालन में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिला मुख्यालय उमरिया स्थित जल शोधन यंत्र एवं इंटेकवेल का औचक निरीक्षण किया।

जल शोधन यंत्र का कलेक्टर ने निरीक्षण करते हुए जल शोधन की प्रक्रिया को देखा। उन्होंने कहा कि पानी की गुणवत्ता की जांच निर्धारित मापदंड के अनुसार ही कि जाए, उसके बाद ही उपचारित जल

को टंकियो के माध्यम से प्रदाय किया जाए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। कलेक्टर को इंटकवेल का निरीक्षण के दौरान बताया गया कि इंटकवेल की क्षमता 7.95 एमएलडी है। फिल्टर प्लांट की क्षमता 6.70 एम एल डी है तथा ओव्हर हेड टैंक 6 नग है। ओव्हर हेड टैंक की कुल क्षमता 2204 केएल है। रॉ वाटर पंप 85 एचपी है। डिस्ट्रीब्यूशन पाईप लाईन 62577 मीटर है। कुल नल कनेक्शनों की संख्या 3208 है। कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह से कहा कि नगर में सीवेज पाइप लाइनों को चेक किया जाए, यदि सीवेज हो रहा है, तत्काल उसकी मरम्मत कराई जाए। निरीक्षण के दौरान उपयंत्री देव कुमार गुप्ता सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे ।

बैंक परिसर से किसान का पैसों से भरा थैला चोरी

पुराने बस स्टैंड के पास की घटना, सीसीटीवी में कैद हुआ आरोपी

नवभारत उमरिया 13 जनवरी। जिले में दिनदहाड़े पुराने बस स्टैंड के पास सहकारी बैंक परिसर के भीतर चोरी की वारदात सामने आने से इलाके में हड़कंप मच गया। धान उपार्जन की रकम निकालने बैंक पहुंचे एक बुजुर्ग किसान का पैसों से भरा थैला अज्ञात चोर ने बड़ी सफाई से पार कर दिया। घटना के बाद बैंक परिसर और आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

बताया जाता है कि बुजुर्ग किसान मनबोध साहू सहकारी बैंक में अपनी धान उपार्जन की राशि निकालने आया था। बैंक से उन्हें कुल 40 हजार रुपये मिले, जिसे उन्होंने अपने थैले में सुरक्षित रखा। इसके बाद वे बैंक परिसर में ही किसी कर्मचारी से जरूरी जानकारी लेने लगे। इसी दौरान पहले से परिसर में मौजूद एक अज्ञात व्यक्ति ने मौका पाकर उनका थैला चुरा लिया।

घबराए किसान ने बैंक कर्मियों को दी जानकारी

बताया जा रहा है कि बुजुर्ग किसान को इस बात का आभास तक नहीं हुआ कि कब उनका थैला गायब हो गया। कुछ देर बाद जब उन्होंने अपना थैला तलाशा तो वह नहीं मिला। घबराए किसान ने तुरंत बैंक कर्मियों को इसकी जानकारी दी। बैंक प्रबंधन ने मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

फुटेज में संदिग्ध व्यक्ति थैला लेकर बाहर जाते दिखा

पुलिस ने बैंक परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें एक संदिग्ध व्यक्ति थैला लेकर बाहर जाते हुए दिखाई दे रहा है। फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान के प्रयास तेज कर दिए हैं। कोतवाली पुलिस का कहना है कि अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

इस घटना के बाद बैंक परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े हो गए हैं। दिन के समय, वह भी बैंक जैसे सुरक्षित माने जाने वाले स्थान पर चोरी की वारदात से आम लोगों में भय का माहौल है। खासकर किसान और बुजुर्ग ग्राहक खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि बैंक परिसर में सुरक्षा गार्डों की संख्या बढ़ाई जाए और संदिग्ध लोगों पर नजर रखी जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नही हो।

युवा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाए : प्राचार्य

युवा दिवस पर महाविद्यालय में योग एवं व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित

डिंडौरी, नवभारत 13 जनवरी। मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय में 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कोष्टा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में विवेकानंद कैरियर प्रशिष्ट की संयोजक डॉ. कल्पना मिश्रा उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: 8:30 बजे महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं योगासन के साथ हुई। योग अभ्यास इतिहास विभाग के योग शिक्षक बाबूलाल कोष्टी के निर्देशन में संपन्न हुआ। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित व्याख्यान माला में प्राचार्य डॉ. अजय कोष्टा ने युवाओं को अपनी शक्ति पहचानने एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यदि युवा ठान लें तो देश शीघ्र ही विकसित राष्ट्र बन सकता है।

यह सदी भारत और भारतीय युवाओं की है : डॉ. कोष्टी

मुख्य अतिथि डॉ. कल्पना मिश्रा ने स्वामी विवेकानंद द्वारा विश्व स्तर पर भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन करते हुए इतिहास विभाग के डॉ. बीएल कोष्टी ने कहा कि यह सदी भारत और भारतीय युवाओं की है, जो हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में डी. विनीत टाडिया द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण, कार्यालयीन कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

सूर्य नमस्कार के आसनों का कराया गया अभ्यास

चिल्हारी नवभारत। जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम पड़वार एवं सुखदास में भी छात्र छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को सूर्य नमस्कार योगा के बारह आसनों का अभ्यास विद्यालय के प्राचार्य एवं प्रधानाचार्य द्वारा कराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम गायन से किया गया। कार्यक्रम में दोनों विद्यालयो के समस्त शिक्षकों के साथ छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

शरीर को स्वस्थ बनाने का सशक्त माध्यम है योग : सिंह

नवभारत उमरिया 13 जनवरी। जिले में स्वामी विवेकानन्द की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम प्रात: 9 से 10 बजे तक आकाशवाणी के माध्यम से एक साथ एक संकेत पर प्रसारित किया गया। जिला मुख्यालय उमरिया में अमर शहीद स्टेडियम ग्राउण्ड में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक बांधवगढ शिवनारायण सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द एक ऐसी प्रेरणा थे, जिनके विचार आज भी हम सब को ऊर्जा से भर देते हैं। प्रत्येक नागरिक को शरीर और मन से स्वस्थ होना चाहिये। शरीर को स्वस्थ बनाने का सबसे सशक्त माध्यम योग है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि योग हमें अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। योग से जहां एक ओर स्वास्थ्य ठीक रहता है, वहीं शारीरिक एवं मानसिक विकास भी होता है। सूर्य नमस्कार में योग के सभी आसनों का समावेश होता है। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का गायन करके किया गया। उसके बाद स्वामी विवेकानन्द के विश्व प्रसिद्ध शिकागो उदबोधन एवं मुख्यमंत्री के संदेश का प्रसारण किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गान से हुआ। जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम पनपथा एवं महरोई की शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयन्ती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायम का विद्यार्थियों को अभ्यास कराय गया।

चिल्हारी के विद्यालय में मनाया गया युवा दिवस-जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम चिल्हारी की शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिल्हारी में भी सूर्य नमस्कार एवं योग के माध्यम से विद्यालय के प्राचार्य अरुण कुमार द्विवेदी के कुशल नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं ने एवं शिक्षकों ने भाग लिया प्राचार्य द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में बच्चों को बताया कि शरीर एवं बुद्धि को स्वस्थ रखने के लिए सभी को योगाभ्यास करना चाहिए।